# ज्ञान सुरभि

## भाग - 7

## हिंदी - भाषा III

द्वितीय संस्करण - 2025

# आमुख

**'ज्ञानम् परमम् ध्येयम्, ज्ञानम् परमम् बलम्'** अर्थात् ज्ञान ही परम लक्ष्य है और ज्ञान ही परम बल है। विद्या का मुख्य उद्देश्य ज्ञान प्रदान करना है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के अनुसार भाषा ही विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का माध्यम बनती है। अतः प्रारंभिक शिक्षा में भाषा को अधिक महत्त्व दिया हुआ है। इसी उपलक्ष्य में प्रस्तुत पाठ्य पुस्तक **'ज्ञान सुरभि हिंदी भाषा III'** तैयार की गई है। यह पाठ्य श्रृंखला कक्षाएँ 1 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए बेहद उपयोगी होगी। हर पाठ्यपुस्तक में कहानियों और पठित बोध के अलावा विद्यार्थियों का व्यावहारिक ज्ञान बढ़ाने हेतु वार्तालाप का भी प्रक्षेप किया गया है। यह सिद्दत है कि जो विद्या बच्चों के व्यावहारिक ज्ञान का निर्माण करती है, वही संपूर्ण विद्या कहलाएगी। इसे ध्यान में रखते हुए हमारे गृह-प्राध्यापकों द्वारा क्रियाकलाप केंद्रित पाठ्यक्रम तैयार किया हुआ है। इस पठन-सामग्री में बच्चों का मार्गदर्शन करनेवाली मूल्यपरक कहानियाँ सरल और बोधगम्य भाषा में बड़े ही रोचक ढंग से प्रस्तुत की गई हैं। हर पाठ के आधार पर कठिन शब्दार्थ, बोध-प्रश्न और अन्य अभ्यास दिए हुए हैं, जो विद्यार्थियों की बौद्धिकता और बोधगम्यता के विकास में सहयोग देंगे। कक्षाएँ 1 और 2 में अक्षर ज्ञान, 3 से 5 तक की हर पाठ्यपुस्तक में गिनती, अनुवाद-अभ्यास के साथ-साथ विशेष रूप से घरेलू सामान, दाल, आभूषण, पशु-पक्षी से लेकर सभी प्रकार के सामान्य-ज्ञान का भी परिचय दिया गया है और कक्षाएँ 6 से 8 तक के लिए व्याकरण, पत्र लेखन, पोस्टर-विज्ञापन लेखन का प्रतिपादन भी किया गया है, जो बच्चों के लिए भावी जीवन में काफ़ी मददगार रहेगा। कक्षाएँ 5 से 8 तक के पाठ्यक्रम में मुहावरों की चित्र सहित व्याख्या की गई है। हर पाठ के अभ्यासों के बाद गतिविधियों के अंतर्गत पाठ संबंधित अन्य जानकारियाँ और विचारमंथनात्मक अभ्यास भी समाहित हैं। पाठ्य सामग्री के प्रारंभ में, 'पुनर्कथन' के रूप में पूर्व कक्षा के अनिवार्य विषय और अंत में, नमूने प्रश्न पत्र दिए गए हैं, जो छात्रों के लिए बहुत ही सहायक होंगे। प्रहर्ष की बात यह है कि इनमें छात्रों-अध्यापकों द्वारा खिंचित चित्रों का भी समावेश है। विद्यार्थियों के लिए एक संपूर्ण पाठ्य-सामग्री प्रदान करने का यह एक छोटा-सा प्रयास है।

सचिव

चेन्नई। जून 2025 — आर्य समाज सेवा फाउंडेशन

# Acknowledgements

## Content Contributors

Smt.Alagulatha AL M.A.,B.Ed.,PGDT.,M.Phil.

Dr.S.Avudainayaki M.A.,M.Sc(Psy),B.Ed.,PGDT.,Ph.D

## Design and Technical Support

Ms.Hamsavani Raman and Team

## Wrapper Design

Smt.D.Madhuri DFA (Front wrapper)

Shri.S.Vignesh DFA (Back wrapper)

# विषय सूची


| क्रम संख्या | प्रकरण | विधा | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|---|
| | पुनर्कथन | | 6 |
| 1 | मनसा वाचा कर्मणा | कहानी | 8 |
| 2 | कपड़े की दुकान में | वार्तालाप | 12 |
| 3 | क्रोध मत कर | पठित बोध | 16 |
| 4 | अनुवाद-I | सामान्य ज्ञान | 18 |
| 5 | मुहावरे-I | सामान्य ज्ञान | 19 |
| 6 | वाणी का महत्त्व | कहानी | 22 |
| 7 | गिनती | सामान्य ज्ञान | 25 |
| 8 | पोस्टर व विज्ञापन रचना-I | लेखन कौशल | 28 |
| 9 | पत्र लेखन-I | लेखन कौशल | 30 |
| 10 | घरेलू उपकरण की दुकान में | वार्तालाप | 31 |
| 11 | विद्या ग्रहण | पठित बोध | 36 |
| 12 | अनुवाद-II | सामान्य ज्ञान | 38 |
| 13 | मुहावरे-II | सामान्य ज्ञान | 40 |
| 14 | आवासीय विद्यालय में | वार्तालाप | 43 |
| 15 | पोस्टर व विज्ञापन रचना-II | लेखन कौशल | 47 |
| 16 | पत्र लेखन-II | लेखन कौशल | 49 |
| 17 | व्याकरण | व्याकरणिक बोध | 50 |
| | आंतरिक मूल्यांकन | | 57 |
| | नमूने प्रश्न पत्र | | 59 |

# पुनर्कथन RECAPITULATION
## RECAP-I

**I सप्ताह के दिन**

रविवार सोमवार मंगलवार बुधवार गुरुवार शुक्रवार शनिवार

**II पेड़ों के भाग**

फूल फल पत्ता टहनी शाखा जड़ तना

**III स्वाद**

मीठा तीखा कड़वा नमकीन खट्टा कसैला

## संभाषण - यात्रा पर



(TERM I)

| | |
|---|---|
| 1. How was the journey? | यात्रा कैसी थी? |
| 2. Fine. I enjoyed well. | अच्छी थी। बहुत मज़ा आया। |
| 3. What time did you start? | आप कितने बजे निकले? |
| 4. At 7:00 PM last night. | कल रात को सात बजे। |
| 5. Did you sleep well? | क्या आपने आराम की नींद ली? / क्या आप अच्छी तरह सोए? |
| 6. Yes, I slept well. | हाँ, मैं आराम से सोया। |
| 7. How were all the arrangements during the tour? | यात्रा के दौरान सारी व्यवस्थाएँ कैसी थीं? |
| 8. Fantastic! Well planned. | बहुत बढ़िया। अच्छी योजना थी। |
| 9. Good. How many days did you stay over there? | अच्छा, आप वहाँ कितने दिन ठहरे थे? |
| 10. I stayed there for a week. | मैं वहाँ एक सप्ताह के लिए ठहरा था। |
| 11. How many of you went there? | आप में से कितने लोग वहाँ गए थे? |
| 12. Five of us had gone there. | हम पाँच लोग वहाँ गए थे। |
| 13. How was the food? | खाना कैसा था? |
| 14. The food was very good. | खाना बहुत अच्छा था। |
| 15.Let's go home now. You must be tired. | अच्छा, अब घर चलें। आप थक गए होंगे। |

# RECAP-II

## I जगहों के नाम

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| गाँव | बंदरगाह | रेलवे स्टेशन | समुद्र तट | खेत | बगीचा |
| किला | बाज़ार | हवाई अड्डा | चिड़ियाघर | अस्पताल | डाकघर |

## II आभूषणों के नाम

हार अंगूठी झुमका पायल कंगन चूड़ी

## III धातुओं के नाम

सोना चाँदी ताँबा पीतल लोहा इस्पात

### संभाषण - यात्रा पर




(TERM II)

| | |
|---|---|
| 1. Shall we go by rickshaw? | क्या हम रिक्शा से जाएँ? |
| 2. No, I have booked a cab. | नहीं, मैंने एक टैक्सी बुक कर ली है। |
| 3. Why waste money unnecessarily? | अनावश्यक पैसा क्यों बर्बाद करना है? |
| 4. No, mother is waiting for us. | नहीं, माँ हमारे लिए इंतज़ार कर रही हैं। |
| 5. Let's go.We shall call an auto. | चलें, हम ऑटो बुला लेते हैं। |
| 6. Which places you visited in Rameshwaram? | आपने रामेश्वरम में कौन-कौन सी जगहें देखीं? |
| 7. I visited the temple,then went to the sea-shore. | मैं मंदिर गया, फिर समुद्र तट पर गया। |
| 8. What did you buy? | आपने क्या खरीदा? |
| 9. I bought a conch for you. | मैंने आपके लिए एक शंख खरीदा। |
| 10. Good. When did you go to Kashi? | अच्छा, आप काशी कब गए? |
| 11. The next day itself. | दूसरे ही दिन। |
| 12. Did you go to the river Ganges? | क्या आप गंगा नदी पर गए थे? |
| 13. Yes. I took a dip in Ganges. | हाँ, मैंने गंगा-स्नान किया। |
| 14. How was the weather? | मौसम कैसा था? |
| 15. It was very cold. | मौसम बहुत ठंडा था। |

# 1. मनसा वाचा कर्मणा

शब्दार्थ

| | | |
|---|---|---|
| दर्पण - आइना Mirror | समस्या - कठिनाई Problem | समाधान - हल Solution |
| कंगाली - गरीबी Poverty | दया - करुणा Mercy | कर्म - कार्य Actions |




बहुत समय पहले सत्यानंद नामक एक राजा रहते थे। वे बहुत ही सच्चे, दयालु और ईमानदार राजा थे। उनके राज्य में प्रजा निश्चिंत और सुखी थी। राजा अपनी प्रजा का हाल जानने और उनकी समस्याओं का समाधान करने हेतु अपना वेश बदलकर राज्य में विचरण किया करते थे। ऐसे ही एक दिन राजा अपना वेश बदलकर महल से बाहर आए और पास वाले गाँव की ओर चल पड़े। रास्ते में उन्होंने एक कुटिया देखी जिसके बाहर एक दुबला-पतला आदमी पलंग पर लेटकर आकाश की ओर ताक रहा था। न जाने उसे देखते ही राजा के मन में घृणा भाव उत्पन्न हो गया; मन चाहता था कि उसे घोर दण्ड दिया जाए। उन्हें समझ में नहीं आया कि पहली बार तो देख रहे हैं, फिर भी मन में ऐसा भाव क्यों आ रहा है। राजा कारण जान न पाकर विकल मन से महल वापस लौटे।

राजा दूसरे दिन भी उस कुटिया की ओर गए, तो उनके मन में उस आदमी के प्रति घृणा भाव उत्पन्न हुआ। तीसरे दिन भी ऐसा ही अनुभव हुआ, तो राजा अचरज में पड़ गए। उन्होंने महल पहुँचकर अपने प्रधानमंत्री को बुलाकर यह बात कह दी। प्रधानमंत्री वृद्ध, बुद्धिमान

और अनुभवी थे। मंत्री जी राजा को इसका पता लगाने का वचन देकर अपना वेश बदलकर महल से निकले। उन्होंने उस आदमी के बारे में आस-पास में पूछताछ की, तो पता चला कि वह एक **लकड़हारा** है जिसे काफ़ी दिनों से कोई आमदनी नहीं मिल रही है। मंत्री जी एक पेड़ के नीचे छिपकर उस पर ध्यान देने लगे। वह आदमी थूकते हुए ऊँचे स्वर में राजा को डाँटते हुए अपने आपसे बोल रहा था, "यह कौन-सा राज्य है! हमें कंगाल मरना पड़ता है। राजा की मृत्यु क्यों न हो जाए।

दूसरे दिन मंत्री जी राजा की अनुमति लेकर उस आदमी के पास गए और कहा, "राजा प्रजा-कल्याण हेतु एक महा यज्ञ करनेवाले हैं जिसके लिए बीस मन चंदन की लकड़ियों की आवश्यकता है, अतः तीन दिनों में चंदन की **लकड़ियाँ** महल पहुँचा देना।" यह कहकर मंत्री जी ने उस लकड़हारे को एक सौ स्वर्ण मुद्राएँ दीं। फिर महल जाकर राजा से दूसरे दिन उस कुटिया की ओर जाकर देखने की विनती की। दूसरे दिन जब राजा ने उस आदमी को देखा, तो दंग रह गए, क्योंकि अब उनके मन में उस **लकड़हारे** के प्रति घृणा भाव बिलकुल नहीं था; बार-बार सोचने पर भी उसके प्रति राजा के मन में संतोष व दया भाव ही उमड़ रहा था।

मंत्री जी ने इसका कारण बताया, "जब वह आदमी कंगाली में था और आमदनी का कोई चारा नहीं था, तब वह यहाँ तक चाहने लगा कि यदि राजा की मृत्यु हो जाए, तो उसकी चंदन की **लकड़ियाँ** बिक जाएँगी। इसलिए आपके मन में बेकारण उसके प्रति घृणा भाव उत्पन्न होने लगा। हमने उससे यज्ञ के नाम पर चंदन की **लकड़ियाँ** खरीदीं, तो वह आपको आशीर्वाद देने लगा और आपके मन में भी उसके प्रति संतोष व दया भाव मुखरित होने लगा। हमारा मन हमारे भावों का दर्पण है। हमें भूलकर भी मनसा-वाचा-कर्मणा अर्थात् अपने मन से, वचन से, कर्मों से दूसरों को तंग नहीं करना है। हमारे मन की बुरी भावनाएँ न केवल अपने को, परंतु दूसरों को भी नुकसान पहुँचाएँगी। हमारे मन में दूसरों के प्रति सदा अच्छी भावनाएँ ही रखनी चाहिए।" राजा को अब मंत्री जी की बात समझ में आ गई और खुशी से उनके सामने नतमस्तक हो गए।

## मुहावरे जानिए

| | | |
|---|---|---|
| दंग रहना | - | चकित रहना |
| चारा न होना | - | कुछ नहीं सूझना |
| नतमस्तक होना | - | सम्मानपूर्वक बात मान लेना |

# अभ्यास

## I वाक्य बनाइए

भाव मन कुटिया वचन

## II रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए

1. राजा सत्यानंद के राज्य में ____________ निश्चिंत और सुखी थी।
2. राजा अपना ____________ बदलकर महल से बाहर आए।
3. कुटिया के बाहर एक दुबला-पतला आदमी ____________ पर लेटकर ____________ को ताक रहा था।
4. हमारे मन में दूसरों के प्रति सदा अच्छी ____________ ही रखनी चाहिए।
5. हमारा मन हमारे भावों का ____________ है।

## III जोड़े बनाइए

| | | |
|---|---|---|
| प्रधान मंत्री | - | प्रजा-कल्याण |
| राजा सत्यानंद | - | बुद्धिमान और अनुभवी |
| महा यज्ञ | - | दयालु और ईमानदार |
| दुबला-पतला | - | चंदन की लकड़ियाँ |
| बीस मन | - | लकड़हारा |

## IV निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए

1. राजा सत्यानंद कैसे स्वभाव के थे?
2. राजा के मन में बेकारण लकड़हारे के प्रति घृणा भाव क्यों उत्पन्न हो गया?
3. मंत्री जी ने लकड़हारे को कितनी स्वर्ण मुद्राएँ दीं और क्यों?
4. लकड़हारे ने राजा को कब आशीर्वाद दिया?
5. इस पाठ से आपको क्या शिक्षा मिलती है?

## गतिविधि

दी हुई वर्ग पहेली में से महीनों के नाम एवं रंगों के नाम ढूँढ लीजिए।

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| द | प | द्र | भा | ज् | बैं | ग | नी |
| फे | आ | षा | ढ़ | ये | वै | घ | मा |
| स | श् | मा | सु | ष् | शा | के | स |
| पौ | वि | र्ग | न | ठ | ख | चै | आ |
| ष | न | शी | ह | चो | टू | मौ | त्र |
| गी | गु | र्ष | रा | श्रा | जा | मु | नी |
| रं | ल् | ला | भू | व | पी | ला | ल |
| ना | फा | हा | बी | ण | क | र्ति | का |

# 2. कपड़े की दुकान में

शब्दार्थ

नवीन - नया New  पहनावा - पोशाक Outfit  कीमत - मूल्य Value/price

कटौती - छूट Discount  समस्या - कठिनाई Difficulty  वार - दिवस Day



दुकानदार: श्रीमान नमस्ते! मैं आपके लिए क्या कर सकता हूँ?

ग्राहक: मुझे फ़ॉर्मल शर्ट और कुछ पतलून (Pants) दिखाइए।

दुकानदार: जींस या कॉटन, आपको कौन-सा पसंद है?

ग्राहक: जींस और सूती दोनों ही दिखाइए।

दुकानदार: बहुत अच्छा, हमारे पास कल ही जींस का नया माल आया है।

ग्राहक: मुझे काले या गहरे नीले रंग के जींस दिखाइए।

दुकानदार: यह लीजिए! यह नवीनतम डिज़ाइन की है।

ग्राहक: आप मुझे 32'' कमर के नाप की पतलून दिखा सकते हैं?

दुकानदार: ये अलमारियाँ 32'' की हैं।

ग्राहक: क्या आप इन दोनों को बाहर निकाल सकते हैं? ट्रायल रूम कहाँ है?

दुकानदार: उस तरफ़। जी! औपचारिक पहनावा (Formal Outfit) पहली मंज़िल पर है। आइए मेरे साथ।

ग्राहक: ठीक है। चलिए।

दुकानदार: आप किस साइज़ की शर्ट पहनते हैं?

ग्राहक: मैं 39'' पहनता हूँ।

दुकानदार: आपको इन अलमारियों में 39'' की शर्ट मिल जाएगी।

ग्राहक: क्या आप इसे निकाल सकते हैं?

**(सेल्समैन चार शर्ट निकालते हैं और उन्हें टेबल पर रखते हैं। )**

ग्राहक: मुझे गुलाबी और नीले रंग में सादे, हल्के रंग पसंद है।

दुकानदार: ये अच्छी शर्ट हैं। वे गहरे रंग के पतलून के साथ अच्छे लगेंगे, विशेष रूप से नीले और काले रंगों के साथ।

ग्राहक: मैं दो कमीज़ें और एक नीला पतलून लूँगा।

दुकानदार: ठीक है सर। क्या आप टाई, बेल्ट या जूते देखना चाहेंगे?

ग्राहक: मुझे जूतों की एक जोड़ी चाहिए। सात नंबर के।

दुकानदार: सात, किस ब्रांड में ?

ग्राहक: हर ब्रांड में नाप अलग होता है क्या? यह सभी ब्रांडों में समान होना चाहिए न?

दुकानदार: कुछ ब्रांडों में, एक ही नाप की फिटिंग अलग हो सकती है।

ग्राहक: मैंने अन्यथा सोचा। इसमें कोई समस्या नहीं होनी चाहिए।

दुकानदार: हाँ, आपके मामले में कोई समस्या नहीं होगी। इस सेक्शन में नए आगमन हैं और जूतों की बिक्री भी है।

ग्राहक: यहाँ वैरायटी बहुत कम है। मैं मन पसंदीदा खरीदना चाहता हूँ। कुछ नया आया है क्या?

दुकानदार: नए जूते तो बिक्री के खुलने के दो दिनों में सारे के सारे बिक जाते हैं, जी! अभी सोमवार को नए आनेवाले हैं। हम आपको फ़ोन द्वारा बता देंगे। यह देखिए, स्टार शूस! बहुत अच्छा है, आसान पहनावा। आप इन्हें क्यों नहीं ट्राई (Try) करते?

ग्राहक: ये वाला नहीं। मैं और अधिक औपचारिक (Formal) रूप की तलाश में हूँ। लेस वाले और सादे बनावट वाले। हाँ, मुझे यह पसंद है। यह ठीक बैठता है। मैं काले रंग का लूँगा।

दुकानदार: क्या आप मोज़े (socks) और जूते की पालिश भी देखना चाहेंगे?

ग्राहक: पालिश नहीं, लेकिन हाँ, मोज़े। क्या आप केवल तीन के कॉम्बो में मोज़े बेचते हैं?

दुकानदार: हम जोड़ी बनाकर भी बेचते हैं। वे यहाँ हैं।

ग्राहक: ठीक है। मैं इन दो जोड़ियों को लूँगा।

दुकानदार: और कुछ सर?

ग्राहक: नहीं, धन्यवाद।कीमत क्या है?

दुकानदार: चिंता मत कीजिए, यहाँ मूल्य स्थिर (Fixed) हैं।

ग्राहक: इसकी कीमत क्या है? ज़्यादा महँगी है, तो मैं नहीं खरीद सकूँगा।

दुकानदार: यह मात्र 6000 रुपए की है।

ग्राहक: क्या कोई कटौती (Discount) नहीं है?

दुकानदार: श्रीमान! यहाँ एक ही दाम है एवं हमारा माल तो अच्छा है जी।

ग्राहक: ठीक है, इसे पैक (Pack) कर दीजिए।

दुकानदार: कृपया भुगतान (Payment) कैश काउंटर (Cash Counter) में कर दें।

ग्राहक: कैश काउंटर कहाँ है?

दुकानदार: उधर कोने में है।

ग्राहक: धन्यवाद।

दुकानदार: आपका स्वागत है।

## अभ्यास

### I वाक्य बनाइए

पसंद समस्या स्वागत तलाश आकार

### II निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए

1. ग्राहक क्या-क्या खरीदना चाहते थे?
2. ग्राहक को कौन-से कपड़े पसंद हैं?
3. ग्राहक किस प्रकार के जूते पसंद करते हैं?
4. ग्राहक के कटौती माँगने पर दुकानदार ने क्या कहा?
5. दुकानदार ने दाम के बारे में क्या कहा?

## III रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए

1. __________ पहनावा पहली मंज़िल पर है।
2. मुझे सादे __________ रंग पसंद है।
3. यहाँ __________ स्थिर हैं।
4. मुझे जूतों की एक __________ चाहिए।

## IV संवाद लेखन

1. यातायात के नियमों के पालन के संदर्भ में माँ और पुत्र के बीच का संवाद लिखिए।
2. खाद्य पदार्थों में होनेवाली मिलावट के संदर्भ में शिक्षक और छात्र के बीच का संवाद लिखिए।

### गतिविधि

खाद्य पदार्थों में होनेवाली मिलावट से अवगत होने के लिए निम्न दी हुई लिंक की जाँच करें।

https://eatrightindia.gov.in/dart/

### निम्न दिए हुए चित्र को ध्यान से देखकर उसका वर्णन पाँच वाक्यों में कीजिए



# 3. क्रोध मत कर-पठित बोध



महाराज पांडु के पाँच पुत्र थे - युधिष्ठिर, भीम, अर्जुन, नकुल और सहदेव। वे पांडव कहलाते थे। पांडु के बड़े भाई धृतराष्ट्र के सौ पुत्र थे, जो कौरव कहलाते थे। पांडव धर्मात्मा थे जिनकी सर्वत्र प्रशंसा होती थी। इससे कौरवों का बड़ा भाई दुर्योधन जलता था और अपने भाई दुःशासन के साथ हमेशा पांडवों के विरुद्ध षड़यंत्र रचता था। पांडव और कौरव गुरु द्रोणाचार्य के यहाँ विद्या ग्रहण करते थे। एक दिन गुरु द्रोणाचार्य सभी छात्रों को पाठ पढ़ा रहे थे जिसका मूल भाव था 'क्रोध मत कर।' यह समझाने के बाद उन्होंने बच्चों से पाठ याद कर आने को कहा। दूसरे ही दिन उनमें अधिकांश बच्चे पाठ याद कर आए थे और श्लोक सुनाने लगे। गुरु बहुत खुश हो गए। जब युधिष्ठिर की बारी आई, तो उन्होंने एक दिन का अवकाश माँगा। गुरु जी ने मान लिया। दूसरे दिन भी युधिष्ठिर बोल नहीं पाए, तो फिर से अवकाश माँगा। इस प्रकार पाँच दिन हो गए थे, परंतु युधिष्ठिर से पाठ याद नहीं किया गया। गुरु जी आपे से बाहर होकर युधिष्ठिर को डाँटने लगे और कक्षा से बाहर निकाल दिया। दो दिनों के बाद युधिष्ठिर ने पाठ याद करके ठीक से कहा। गुरु जी ने अब पूछा, "यह सरल पाठ याद करने के लिए इतने दिन क्यों लिए?" युधिष्ठिर ने उत्तर दिया, "क्षमा करें महात्मन! आपने क्रोध न करने का पाठ समझाया था, जब भी कौरव हमें चिढ़ाते थे, तब मुझे बहुत क्रोध आता था, परंतु कल ही उनका कटु वचन सह पाया।" द्रोणाचार्य की आँखें भर आईं और युधिष्ठिर से गले मिलकर कहा, "तुम्हीं श्रेष्ठ छात्र हो। सभी ने पाठ केवल याद किया था, परंतु तुम ही उसे व्यवहार में लाए।"

गद्यांश के आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए।

**1. लोग पांडवों की प्रशंसा क्यों करते थे?**

क्योंकि उन्हें युद्ध में जीत मिली थी    क्योंकि वे राजकुमार थे    क्योंकि वे धर्म का पालन करते थे

**2. गुरु द्रोणाचार्य से सिखाए गए पाठ का संदेश क्या था?**

हमेशा सच बोलना है    गुस्सा नहीं करना है    दूसरों पर दया दिखानी है

**3. गुरु जी के पाठ को जीवन में उतारनेवाला कौन था?**

युधिष्ठिर    दुःशासन    दुर्योधन

**4. कौरव कितने थे और उनके पिता कौन थे?**

पाँच & पांडव    सौ & महाराज पांडु    सौ & महाराज धृतराष्ट्र

**5. गुरु द्रोणाचार्य ने युधिष्ठिर को क्यों डाँटा?**

कक्षा में सोने के कारण    कौरवों को चिढ़ाने के कारण

समझाए गए पाठ को याद न करने के कारण

**6. 'आपे से बाहर होना' मुहावरे का सही अर्थ छाँटकर लिखिए।**

खुश हो जाना    दुखी होना    क्रोधित होना

**7. बहुत दिनों बाद पुत्र को देखकर माँ की ________________।**

आँखें नीची हो गईं    आँखें भर आईं    आँखें बड़ी हो गईं

**8. पाँच पाँडव कौन-कौन थे?**

युधिष्ठिर, भीम, अर्जुन, दुर्योधन और सहदेव    युधिष्ठिर, भीम, अर्जुन, नकुल और सहदेव

युधिष्ठिर, भीम, दुःशासन, नकुल और सहदेव

# 4. अनुवाद-I

| | |
|---|---|
| 1. You can sleep now. | आप अब सो सकते हैं। |
| 2. Boys can go now. | लड़के अब जा सकते हैं। |
| 3. If you go fast, you can catch the train. | आप जल्दी जाएँगे, तो (रेल) गाड़ी पकड़ सकते हैं / पाएँगे। |
| 4. I can write neatly. | मैं (सुलेख) सुंदर लिख सकता हूँ। |
| 5. Ram is taller than Ravi. | राम रवि से लंबा है। |
| 6. I can do this work. | मैं यह काम कर सकता हूँ। |
| 7. I want a good pen. | मुझे एक अच्छी कलम चाहिए। |
| 8. He should drink milk. | उसे (उनको) दूध पीना है। |
| 9. She should go home. | उसे (उनको) घर जाना है। |
| 10. We should complete this work. | हमें यह काम पूरा करना है। |
| 11. Don't eat junk food. | जंक फूड़ खाना मत / जंक फूड़ मत खाइए। |
| 12. Don't sleep in the classroom. | कक्षा में सोना मत / कक्षा में मत सोइए। |
| 13. He is walking towards the sea. | वह समुद्र की ओर जा रहा है। |
| 14. Her father works in a big firm. | उसके पिताजी एक बड़ी कंपनी में काम करते हैं। |
| 15. The old lady is walking slowly. | बूढ़ी औरत धीरे (धीरे-धीरे) चल रही हैं। |

# 5. मुहावरे-I

परिभाषा - मुहावरा एक ऐसा वाक्यांश है जिसका वाक्य में प्रयोग किए जाने पर विशेष अर्थ प्रकट होता है। इससे भाषा आकर्षक, प्रभावपूर्ण तथा रोचक बन जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| आकाश के तारे तोड़ना | - | असंभव कार्य कर दिखाना |
| अपनी खिचड़ी अलग पकाना | - | सबसे अलग रहना |
| नींद हराम करना | - | बहुत परेशान करना |
| बाएँ हाथ का खेल | - | आसान काम |
| डूबते को तिनके का सहारा | - | विपत्ति में थोड़ी-सी मदद भी काम आती है |
| अक्षर रटना | - | बिना समझे रट लेना |
| दावत देना | - | निमंत्रण देना |
| दीवारें खड़ी करना | - | दूरियाँ पैदा करना |

## गतिविधि

चित्र देखकर सही मुहावरे से वाक्यों की पूर्ति कीजिए।



अपने भाई के साथ झगड़ा करके ____________________

____________________________________________

करना मत।



अनीता सबसे मिलजुलकर रहती है, परंतु सीता किसी के साथ भी मिलती-जुलती नहीं है, वह तो ______________

____________________________________________

__________ है।



समझकर पढ़ने से ही तुम अच्छे अंक प्राप्त कर सकोगी। उसे छोड़कर ______________________ मत।



मैं बड़ा भाग्यशाली हूँ कि जहाँ भी जाता हूँ, वहाँ मुझे ______________________ जाती है।



यह तो इतना बड़ा काम नहीं है। मेरे लिए यह ______________________ है।



हमारे वीर सैनिकों ने अपनी अनूठी वीरता से शत्रु सेना की ______________________ कर दी थी।



राम को पाँच हज़ार रुपयों की सख्त ज़रूरत थी। उसके मित्र ने उसे दो हज़ार दिए, तो दादी ने कहा ______________________ मिल गया।



आनंद जैसे महामूर्ख को आपने बुद्धिमान बना दिया। आप तो ______________________ वाले हैं।

## मुहावरे पहचानिए

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| हा | थ | म | ल | ना | क |
| च | ल | क | स | मो | म |
| प | ह | ब | फ | नि | र |
| आ | ल | छ | भ | शा | क |
| च | ग | र | न | न | स |
| श | ल | ल | सो | मि | ना |
| त | क | ष | गा | टा | मो |
| कू | च | क | र | ना | द |

# 6. वाणी का महत्त्व

शब्दार्थ

| | | |
|---|---|---|
| विद्वान - पंडित Scholar | नाहक - बेकार में Undeserved | प्रेम - प्यार Love |
| संयम - वश में Control | संसार - जगत World | क्षमा - माफ़ी Apology |




मंदाकिनी नदी के किनारे चंद्रकला नाम की एक लड़की अपने माँ-बाप के साथ रहती थी। वह बहुत मिलनसार थी और सब से प्रेम करती थी। एक दिन वह एक महाजन के घर के आगे से गुज़र रही थी कि तभी ज़ोर-ज़ोर से चिल्लाने की आवाज़ें आने लगीं। उस महाजन का अपनी पत्नी के साथ झगड़ा हो गया था। दोनों आग-बबूले हो रहे थे। चंद्रकला को बहुत दुख हुआ। वह सोचने लगी, "इस संसार में झगड़े क्यों होते हैं?" उसने यह प्रश्न कई लोगों से पूछा, किंतु उसे कोई भी ठीक उत्तर नहीं मिला।

एक दिन चंद्रकला के चाचा उससे मिलने आए। वे बड़े विद्वान थे। रात्रि के भोजन के बाद दोनों बातचीत करने लगे। बात करते समय चाचा जी ने कहा, "बेटी! एक गिलास पानी ला दो।" चंद्रकला के मन में एक ही बात थी कि झगड़े क्यों होते हैं? अतः पानी लाने के बदले वह चाचा जी से पूछने लगी, "चाचा जी! इस संसार में लड़ाई-झगड़े का क्या कारण है?"

चाचा जी ने कहा, "अरे! मैं तुम से पानी माँग रहा हूँ और तुम मुझसे उल्टी-सीधी बातें कर रही हो।" चंद्रकला को क्रोध आ गया। वह बोली, "वाह चाचा जी! मैं उल्टी-सीधी बातें करती हूँ?" चाचा जी ने कहा, "बेटी! तुम तो नाहक ही झगड़ा करने पर तुली हो।" चंद्रकला का क्रोध और बढ़ गया। वह झगड़ा करने को तत्पर हो गई और बोली, "झगड़ा मैं कर रही हूँ या आप?"

चाचा जी मुस्कुराते हुए बोले, "बेटी, मैंने ज़रा कठोर बात कह दी, तो तुम्हें क्रोध आ गया। तुम्हें स्वयं ही अपने प्रश्न का उत्तर मिल गया। संसार में झगड़े के अनेक कारण हैं, परंतु सबसे बड़ा कारण है-वाणी पर संयम न होना। मीठी वाणी बोलने वाले का किसी से झगड़ा नहीं होता।" चंद्रकला रोने लगी और बोली, "चाचा जी! मुझसे गलती हो गई। मुझे क्षमा कर दीजिए।" चाचा जी ने हँसते हुए कहा, "अच्छा, पानी तो ला दो।"

### मुहावरा

आग-बबूला होना - अत्यधिक क्रोध करना

## अभ्यास

### I वाक्य बनाइए

मिलनसार चिल्लाना बातचीत क्रोध तत्पर

### II रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए

1. संसार में _______________ के अनेक कारण हैं।
2. चंद्रकला सबसे _______________ करती थी।
3. चंद्रकला के चाचा जी _______________ थे।
4. तुम्हें स्वयं ही अपने _______________ का _______________ मिल गया।

### III निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए

1. चंद्रकला कहाँ रहती थी?
2. चंद्रकला के मन में क्या प्रश्न उठ रहा था?
3. संसार में झगड़े का सबसे बड़ा क्या कारण है?
4. महाजन का झगड़ा किसके साथ हो गया था?
5. चंद्रकला से मिलने कौन आया था?
6. इस कहानी से क्या शिक्षा मिलती है?

## गतिविधि

प्रस्तुत पाठ को नाटक रूप देकर कक्षा में अभिनय करें और मीठी वाणी का महत्त्व समझ लें।

## अपना परिचय

मेरा नाम ________________ है। मैं ________________ विद्यालय में ________________ कक्षा में पढ़ता हूँ। मेरे मित्र का नाम ________________ है। मुझे ________________ खाने में पसंद है। मेरे घर में ________________ सदस्य हैं। मेरे पिताजी ________________ हैं और मेरी माँ ________________ हैं। मेरा घर ________________ में है। मेरा मन-पसंद रंग ________________ है। हाल ही में मैं ________________ घूमने गया था/गई थी। मेरा मनपसंद विषय ________________ है। अपने ख़ाली समय में मैं ________________। (करता हूँ / करती हूँ।)। मैं बहुत ही ________________ स्वभाव का/की हूँ। मैं हमेशा ________________ का पालन करता/करती हूँ।

# 7. गिनती

| | | |
|---|---|---|
| 1 | १ | एक |
| 2 | २ | दो |
| 3 | ३ | तीन |
| 4 | ४ | चार |
| 5 | ५ | पाँच |
| 6 | ६ | छः |
| 7 | ७ | सात |
| 8 | ८ | आठ |
| 9 | ९ | नौ |
| 10 | १० | दस |
| 11 | ११ | ग्यारह |
| 12 | १२ | बारह |
| 13 | १३ | तेरह |
| 14 | १४ | चौदह |
| 15 | १५ | पंद्रह |

| | | |
|---|---|---|
| 16 | १६ | सोलह |
| 17 | १७ | सत्रह |
| 18 | १८ | अठारह |
| 19 | १९ | उन्नीस |
| 20 | २० | बीस |
| 21 | २१ | इक्कीस |
| 22 | २२ | बाईस |
| 23 | २३ | तेईस |
| 24 | २४ | चौबीस |
| 25 | २५ | पच्चीस |
| 26 | २६ | छब्बीस |
| 27 | २७ | सत्ताईस |
| 28 | २८ | अट्ठाईस |
| 29 | २९ | उनतीस |
| 30 | ३० | तीस |

| | | |
|---|---|---|
| 31 | ३१ | इकतीस |
| 32 | ३२ | बत्तीस |
| 33 | ३३ | तैंतीस |
| 34 | ३४ | चौंतीस |
| 35 | ३५ | पैंतीस |
| 36 | ३६ | छत्तीस |
| 37 | ३७ | सैंतीस |
| 38 | ३८ | अड़तीस |
| 39 | ३९ | उनचालीस |
| 40 | ४० | चालीस |

| | | |
|---|---|---|
| 41 | ४१ | इकतालीस |
| 42 | ४२ | बयालीस |
| 43 | ४३ | तैंतालीस |
| 44 | ४४ | चौवालीस |
| 45 | ४५ | पैंतालीस |
| 46 | ४६ | छियालीस |
| 47 | ४७ | सैंतालीस |
| 48 | ४८ | अड़तालीस |
| 49 | ४९ | उनचास |
| 50 | ५० | पचास |

| | | |
|---|---|---|
| 51 | ५१ | इक्यावन |
| 52 | ५२ | बावन |
| 53 | ५३ | तिरपन |
| 54 | ५४ | चौवन |
| 55 | ५५ | पचपन |
| 56 | ५६ | छप्पन |
| 57 | ५७ | सत्तावन |
| 58 | ५८ | अट्ठावन |
| 59 | ५९ | उनसठ |
| 60 | ६० | साठ |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 10 | - | दस | 1000 | - | हज़ार |
| 20 | - | बीस | 10,000 | - | दस हज़ार |
| 30 | - | तीस | 1,00,000 | - | एक लाख |
| 40 | - | चालीस | 10,00,000 | - | दस लाख |
| 50 | - | पचास | 1,00,00,000 | - | एक करोड़ |
| 60 | - | साठ | $\frac{1}{4}$ | - | सवा |
| 70 | - | सत्तर | $\frac{1}{2}$ | - | आधा / साढ़े |
| 80 | - | अस्सी | $\frac{3}{4}$ | - | पौना |
| 90 | - | नब्बे | $1\frac{1}{2}$ | - | डेढ़ |
| 100 | - | सौ | $2\frac{1}{2}$ | - | ढाई / अढाई |

# 8. पोस्टर व विज्ञापन रचना-I

पोस्टर व विज्ञापन रचना आधुनिक युग में प्रचार-प्रसार के लिए बहुत ही उपयोगी और अनिवार्य माध्यम सिद्ध हुआ है। किसी वस्तु की पूर्ण जानकारी देने हेतु, किसी उत्पाद की बिक्री बढ़ाने हेतु या किसी विषय के बारे में लोगों के मन में जागरण पैदा करने के लिए पोस्टर/विज्ञापन का प्रयोग किया जाता है। यह एक अद्भुत कला है, जो समाज का एक आवश्यक अंग बन गया है। एक आकर्षक विज्ञापन या पोस्टर जन साधारण तक संदेश पहुँचाता है।

1. नहाने के साबुन के लिए एक आकर्षक विज्ञापन दीजिए।

## गुलाब साबुन

कोमल व चमकदार त्वचा के लिए गुलाब साबुन!!

विभिन्न गंधों में

सस्ता व टिकाऊ

ताज़गी देनेवाला



रसायन मुक्त साबुन

स्वच्छता का साथी

कीटाणु भगानेवाला

दाम: 100 ग्राम केवल रु 70/- पाँच खरीदने पर दो मुफ्त में

संपर्क करें: गुलाब साबुन, 6 कबिलर गली, राम नगर, चेन्नई-xx फ़ोन: xxxxxxxxxx

2. 'स्वच्छ भारत' पर एक आकर्षक पोस्टर बनाइए।

स्वच्छ भारत - स्वस्थ भारत

पर्यावरण को शुद्ध रखें।

देश को स्वर्ग बनाएँ।







हर घर की शुद्धता

देश की स्वच्छता !

ये भी जान लें:

| | |
|---|---|
| पेय जल - POTABLE WATER | कूड़ादान - TRASH BIN |
| छलनी - SIEVE | बेलन - ROLLING PIN |
| तकिया - PILLOW | चिमटा - TONGS |
| आइना - MIRROR | कंघी - COMB |
| पर्दा - CURTAIN | चूल्हा - STOVE |
| कलमदान - PEN STAND | कैंची - SCISSORS |

# 9.पत्र लेखन-I

**अपने क्षेत्र में बिजली संकट से उत्पन्न कठिनाइयों का वर्णन करते हुए विद्युत अधिकारी को पत्र लिखिए।**

दिनांक : XX अगस्त, 202X

प्रेषक

विशाल,

6, नेताजी गली,

राम नगर,

चेन्नई -1

सेवा में

विद्युत अधिकारी,

विद्युत बोर्ड,

राम नगर शाखा,

चेन्नई-1

विषय: बिजली संकट से उत्पन्न कठिनाइयों के संदर्भ में।

माननीय महोदय,

सविनय निवेदन है कि मैं ऊपरलिखित पते का निवासी हूँ। हमारे क्षेत्र में बार-बार बिजली कट जाती है। इससे छात्र परीक्षा की तैयारियाँ नहीं कर पाते। रात में बच्चों और रोगियों को आराम की नींद नहीं मिलती। घरेलू काम अधूरे रह जाते हैं। पानी की समस्या भी बढ़ रही है।

आपसे अनुरोध है कि इस समस्या की ओर ध्यान देकर यथाशीघ्र उचित प्रबंध करवाने की कृपा करें।

सधन्यवाद।

भवदीय,

विशाल

# 10. घरेलू उपकरण की दुकान में

शब्दार्थ

| | | |
|---|---|---|
| शंका - संदेह Doubt | आलसी - कामचोर Lazy | एकदम - तुरंत At once |
| सामान - वस्तु Things | उपकरण - औज़ार Machine | |



पिताजी: सुनीता! देर हो रही है। चलें।

माताजी: हाँ जी! चाय बना रही हूँ। और दस मिनट में आ जाऊँगी।

हर्षद: पिताजी! आप कहाँ जा रहे हैं?

पिताजी: तुम्हारी दीदी का विवाह हुआ है न! ससुराल से परसों यहाँ आनेवाली है।

माताजी: तुम्हारे जीजाजी और बहन की नौकरी हमारे शहर में ही है न! नए घर के लिए कुछ सामान खरीदना है।

हर्षद: तो मैं भी आपके साथ आना चाहता हूँ। माँ! मुझे एक शंका है। वे दोनों यहाँ आ जाएँगे, तो दीदी के सास-ससुर अकेले मुंबई में कैसे रहेंगे?

पिताजी: वे भी साथ आ रहे हैं। फिर भी सारा नहीं ला सकते न, इसलिए उनके आने से पहले ही घर तैयार रखना है।

हर्षद: अच्छा! क्या मुझे भी साथ लेकर जाएँगे?

माताजी: हर्षद! वहाँ आकर तुम क्या करोगे?

दादीजी: सुनीता! बच्चे को भी साथ लेकर जाओ न। उसको भी सब जानना है।

माताजी: ठीक है माँ! चाय लीजिए। आप भी हमारे साथ आइए।

(सब होम एप्लायंसेस की दुकान पहुँचते हैं।)

दूकानदार: आइए! आइए! आपको क्या चाहिए?

पिताजी: फ्रिज़ खरीदना है।

दूकानदार: जी! डबल डोर वाला या सिंगल डोर, कौन-सा चाहिए?

पिताजी: डबल डोर दिखाइए। रंग....

हर्षद: पिताजी! दीदी को लाल रंग ही पसंद है। वही लेंगे।

पिताजी: ठीक है। दाम कितना है?

दूकानदार: इसका दाम 35,000 है। नववर्ष की कटौती भी है। छूट के बाद 32,000 होगा।

पिताजी: अच्छा! इसका बिल कर दें। अब वाशिंग मशीन देखना है।

दूकानदार: आइए जी! उधर चलें। फ्रंट लोड (Front Load) चाहिए या कि टॉप लोड (Top Load)?

माताजी: टॉप लोड चाहिए, लेकिन ब्रांड और मॉडल तो एकदम श्रेष्ठ हो।

दूकानदार: जी! यह देखिए, बहुत अच्छा है। आपको बहुत पसंद आएगा। गरम पानी में धोना, बच्चों के कपड़ों के लिए 'बेबी वाश' (Baby Wash), नाजुक कपड़ों के लिए 'डेलिकेट वाश'(Delicate Wash), चादर जैसे मोटे-गाढ़े कपड़ों के लिए कुछ देर भिगोकर धोना जैसी अनेक सुविधाएँ हैं।

हर्षद: पिताजी! इनमें काला रंग अच्छा है।

दादीजी: हाँ, हाँ! बहुत सुंदर है। राधा को भी पसंद आएगा। यही लेंगे।

पिताजी: इसका दाम कितना है?

दूकानदार: कटौती निकालकर 28,000 है जी!

दादीजी: हे भगवान! हम तो उन दिनों में हाथ से धोया करती थीं।

पिताजी: ज़माना बदल गया माँ!

दादीजी: हाँ, एक बात तो मान ही लेना है। आजकल की लड़कियों को घर-नौकरी दोनों संभालना पड़ता है। तुम्हारे पिताजी को हाथ से पीसी चटनी ही पसंद है।

माताजी: माँ! अच्छा हुआ, आपने याद दिलाया। मिक्सर ग्राइंडर, वेट ग्राइंडर दोनों खरीदना है। साथ ही 'जूस मेकर' भी खरीद लेंगे।

दूकानदार: 'जूस मेकर' की ज़रूरत नहीं है जी। इस मिक्सी में आप जूस भी बना सकती हैं। ऐसे ही इस कंपनी के ग्राइंडर से रोटी के लिए आटा भी गूँथा जा सकता है। नारियल कद्दूकस (Grated Coconut) करना भी इससे आसान है।

पिताजी: बढ़िया! यही लेंगे। हमारी बेटी को घरेलू काम में कोई तकलीफ़ न हो।

माताजी: ऐसे बोल-बोलकर पिता लोग बेटियों को आलसी बना देते हैं।

पिताजी: बेचारी, वह क्या करेगी? छोटी बच्ची है न! सब कुछ संभालना है।

माताजी: (हँसते हुए) ठीक है, चूल्हा (Stove) खरीदना है न? आपकी बेचारी बेटी खाना कैसे बनाएगी?

दादीजी: तीन बर्नर वाला चूल्हा खरीदना। गिलास टॉप ही खरीद लो, सफ़ाई उसमें आसान है।

माताजी: आपने सही कहा माँ जी! सुंदर भी दिखेगा।

दूकानदार: जी! इसे लीजिए। पाँच साल वारंटी भी है।

पिताजी: और क्या बाकी है?

हर्षद: पिताजी! मैं एकदम थक गया, भूख लगी है।

दादीजी: घरेलू उपकरण खरीदने में हम सब छोटू को भूल गए। चलो, मैं कुछ खरीदकर देती हूँ।

हर्षद: नहीं, नहीं दादीजी! सब एक साथ जाएँगे। मैं सह लूँगा।

माताजी: और एयर कंडीशनर, टोस्टर, पानी का शोधक (Water Purifier), केटल (Kettle), कॉफ़ी मेकर (Coffee Maker) खरीदना है। बस इतना ही है।

पिताजी: जी! सुना है न! सबके लिए अच्छी कटौती देनी है।

दूकानदार: ज़रूर जी! आपके लिए स्पेशल डिस्काउंट दिलवाता हूँ। ए सी (AC) एक टन वाला चाहिए या दो?

माताजी: जी! कमरा बड़ा है न, दो टन वाला ही ले लेंगे।

पिताजी: ठीक है। बाकी सभी सामान जल्दी लेकर रखना।

हर्षद: पिताजी! एक चीज़ तो बिलकुल आप भूल गए। यह नहीं तो दीदी रोएगी।

माताजी: रोएगी! वह कौन-सी है?

हर्षद: दूरदर्शन। (सब हँसते हैं)

पिताजी: 100 इंच वाला कितना है जी?

दूकानदार: जी, वह 83,000 है। स्मार्ट टीवी है। एक बात है, कमरे का साइज़ क्या है?

पिताजी: हॉल बीस फुट का है।

दूकानदार: बहुत बड़ा खरीदने की बजाय 75 इंच वाला खरीदिए। कम से कम दस फुट की दूरी पर बैठकर देखना है, तभी तो आपको स्पष्ट दिखाई देगा।

माताजी: ओह! फिर ठीक है, हम यही लेते हैं।

दूकानदार: आप अपना पता और फ़ोन नंबर लिखकर दीजिए जी। परसों शाम तक सब आ जाएगा।

पिताजी: ठीक है, जल्दी बिल बनाकर रखिए। एक घंटे में पासवाले होटल जाकर आ जाते हैं।

दूकानदार: हाँ जी। धन्यवाद।

## अभ्यास

### I वाक्य बनाइए

सामान सुंदर काम खरीद पसंद

### II निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए

1. हर्षद की दीदी राधा का ससुराल कहाँ था?
2. हर्षद का परिवार कहाँ निकला और क्यों?
3. राधा के लिए क्या-क्या चीज़ें खरीदी गईं?
4. 100 इंच टीवी देखने का क्या नियम है?
5. चूल्हों के बारे में दादीजी ने क्या कहा?

### III रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए

1. दीदी को ________ रंग ही पसंद है।
2. पिताजी को __________ से पीसी चटनी ही पसंद है।
3. ________बदल गया माँ!

### IV संवाद लेखन

1. नया घर बनवाए जाने के संदर्भ में योजनाएँ बनाते हुए पति-पत्नी के बीच का संवाद लिखिए।
2. वारंटी पीरियड में ही खराब हो गए वाशिंग मशीन के संदर्भ में ग्राहक और दुकानदार के बीच का संवाद लिखिए।

## गतिविधि

निम्न दिए हुए चित्रों को देखकर हिंदी में नाम लिखिए।

______ ______ ______ ______

______ ______ ______ ______

______ ______ ______ ______

# 11. विद्या ग्रहण - पठित बोध



लंका में राम-रावण के बीच घमासान युद्ध छिड़ा। बहुत देर तक युद्ध चला। अंत में राम ने रावण पर बाण छोड़ा, तो रावण गिर पड़ा। राम मरणासन्न स्थिति में पड़े रावण को कुछ क्षण देखते रहे, मन में यह विचार दौड़ा, "कितना बड़ा बुद्धिमान है; अहंकार के कारण उसे मात खानी पड़ी।" फिर उन्होंने अपने छोटे भाई लक्ष्मण को बुलाया और कहा, "रावण बड़ा राजनीतिज्ञ है, उससे विद्या ग्रहण करके आओ।" लक्ष्मण के आश्चर्य का ठिकाना न रहा और वह संकोच सहित अपने बड़े भाई को ताकता रहा। धीरे-धीरे बोल उठा, "क्षमा कीजिए भइया! शत्रु से मैं कैसे विद्या ग्रहण कर सकता हूँ?" राम ने उसे समझाया, तो लक्ष्मण ने रावण के पास जाकर बड़े विनम्र भाव से विद्या सिखाने की प्रार्थना की। रावण ने आँखें खोलकर लक्ष्मण को देखा और आँखें बंद कर लीं। थोड़ी देर वहीं खडा रहा लक्ष्मण राम के पास वापस आकर क्रोध से बोला, "रावण घमंडी हैं। उन्होंने कुछ नहीं सिखाया।" राम ने लक्ष्मण से कहा, "नहीं, बिना भेद-भाव के सिखाना ही विद्या धर्म है। रावण एक सच्चा गुरु है। शत्रु हो, या हो मित्र, उनसे नतमस्तक होकर विद्या सीखनी है। मानव में गुण-अवगुण दोनों होते हैं। जैसे हंस पक्षी केवल दूध को लेकर पानी को छोड़ देता है, वैसे ही हमें भी दूसरों में केवल अच्छाइयाँ परखनी है; तुम रावण के सर के पास खड़े थे ,अब उनके चरणों के पास खड़े होकर प्रार्थना करो; तुम विद्या ग्रहण कर पाओगे।" अबकी बार लक्ष्मण ने रावण के पैरों के पास खड़े होकर राजनीति सिखाने की विनती की। रावण ने भी उसे एक राजा का कर्त्तव्य, प्रजा हित के लिए उचित समय और उचित स्थान पर उचित कार्य करना, युद्ध कला आदि पाठ पढ़ाए और सदा के लिए आँखें बंद कर लीं।

गद्यांश के आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए।

**1. किन दोनों के बीच युद्ध छिड़ गया?**

राम-रावण | राम-लक्ष्मण | राम-भरत

**2. रावण कैसे गिर पड़ा?**

राम के बाण से | राम की तलवार से | राम के धकेल देने से

**3. मानव में ________________ दोनों होते हैं।**

लाभ-हानि | सुख-दुःख | गुण-अवगुण

**4. कौन सच्चा गुरु है?**

जो बिना भेदभाव के सिखाता हो | जो अच्छी तरह समझाता हो | जो भेदभाव देखता हो

**5. प्रस्तुत गद्यांश में 'हार जाना' अर्थ के लिए किस मुहावरे का प्रयोग किया गया है?**

घुटने टेकना | मात खाना | ईंट से ईंट बजाना

**6. युद्ध भूमि में राम के साथ उनका छोटा भाई कौन खड़ा था?**

भरत | शत्रुघ्न | लक्ष्मण

**7. लक्ष्मण पहले कहाँ खड़ा था?**

रावण के सर के पास | रावण के चरणों के पास | विभीषण के साथ

**8. 'आश्चर्य का ठिकाना न रहना' मुहावरे का अर्थ क्या है?**

भौंचक्का होना | खुश होना | टूट पड़ना

**9. रावण ने लक्ष्मण को क्या सिखाया?**

संगीत | राजनीति | शस्त्र विद्या

**10. इस गद्यांश से आपको क्या शिक्षा मिलती है?**

अहंकार सहित विद्या-ग्रहण करना | रट- रटकर विद्या ग्रहण करना

विनम्र भाव से विद्या ग्रहण करना

# 12.अनुवाद-II

| | |
|---|---|
| 1.Don't wait because he won't come. | प्रतीक्षा मत कीजिए, क्योंकि वह (वे) नहीं आएगा (आएँगे)। |
| 2. You should not stay over there. | आपको वहाँ ठहरना नहीं चाहिए। |
| 3. I should reach the station soon. | मुझे स्टेशन जल्दी पहुँचना है। |
| 4. You should exercise daily. | आपको रोज़ कसरत करनी है। |
| 5. I should leave early. | मुझे जल्दी निकलना है। |
| 6. Ram should be here by 2:00 PM tomorrow. | राम को कल दो बजे तक यहाँ रहना है। |
| 7. You should stop eating sugar. | आपको शक्कर बंद करनी है। |
| 8. We should go for walks more often. | हमें अकसर टहलने जाना है। |
| 9. We should go to school today. | आज हमें स्कूल जाना है। |
| 10. When I go to Chennai, I will visit my grandparents. | जब मैं चेन्नई जाऊँगा, तब अपने दादा-दादी / (नाना-नानी) से मिलूँगा। |
| 11. Mohan can climb up a tree. | मोहन पेड़ पर चढ़ सकता है। |
| 12. Do you understand this poem? | क्या आप यह कविता समझते हैं? |
| 13. Can they do this work? | क्या वे यह काम कर सकते हैं? |
| 14. May I go out for a while? | क्या मैं थोड़ी देर बाहर जा सकता हूँ? |
| 15. I can prepare chapatis. | मैं चपाती बना (सेंक) सकता/सकती हूँ। |

## गतिविधि

निम्न दिए हुए चित्र को ध्यान से देखकर उचित शब्दों से कहानी की पूर्ति कीजिए।





( उपाय नींद राह बंदरों पेड़ एक खाली ज़मीन सात थैली)

_______________ टोपीवाला पेड़ के नीचे सो रहा था। पेड़ पर _______________ बंदर बैठे थे। उन्होंने टोपीवाले की _______________ में से टोपियाँ निकाल लीं और टोपियाँ पहनकर _______________ पर चढ़ गए। टोपीवाले की _______________ खुली, तो वह अचरज में पड़ गया कि थैली _______________ है और बंदरों ने टोपी पहनी है। वह सोचने लगा कि _______________ से टोपियाँ कैसे ली जाएँ। उसे एक _______________ सूझा। तुरंत उसने अपनी टोपी नीचे फेंकी। यह देखकर सातों बंदरों ने भी सर से टोपी उतारकर _______________ पर फेंक दी। टोपीवाले ने खुशी से टोपियाँ लेकर अपनी _______________ ली।

# 13. मुहावरे-II

परिभाषा - मुहावरा एक ऐसा वाक्यांश है जिसका वाक्य में प्रयोग किए जाने पर विशेष अर्थ प्रकट होता है। इससे भाषा आकर्षक, प्रभावपूर्ण तथा रोचक बन जाती है।

चित्र देखकर सही मुहावरे से वाक्यों की पूर्ति कीजिए।


| | | |
|---|---|---|
| कंचन बरसना | - | बहुत धन प्राप्त होना |
| आसमान पर चढ़ना | - | अभिमान करना |
| गागर में सागर भरना | - | थोड़े में बहुत कहना |
| घोड़े बेचकर सोना | - | निश्चिंत रहना |
| चार चाँद लगाना | - | शोभा बढ़ाना |
| आग में घी डालना | - | क्रोध भड़काना |
| आँखों का तारा | - | बहुत प्यारा |
| अंधे की लाठी | - | एक मात्र सहारा |



इतने कठिन विषय को आप ने बड़ी सरलता से समझा दिया। आप तो ______________________________।




जब माँ मुझे डाँट रही थीं, तब मेरा छोटा भाई मेरे बारे में शिकायत करके ___________________________ रहा था।




हर बच्चा अपनी माँ के लिए ______________________________ ________________________________________________ है।



राम ने दिन-रात मेहनत की कि घर में ____________________ ______________________________________________ लगा।




माँ ने अपने बच्चे को खूब सजाया कि उसकी सुंदरता में ____ ________________________________________________ गए।



इस संसार-सागर को पार करने के लिए ईश्वर ही हमारे लिए ________________________________________________ है।



विनय को बड़ी कंपनी में नौकरी मिल गई, तो वह __________ ______________________________________________ लगा।



परीक्षा के निकट आते हुए भी श्याम ने कुछ नहीं पढ़ा तो पिताजी ने कहा, "तुम तो ______________________________ ________________________________________ हो।

## गतिविधि

### अंतिम अक्षर से नया शब्द बनाइए

क) महक → क___ल → ल___न → न___र →

र___ड → ड___रू → रू___ल → ल___ड़ी

ख) बाग़ → ग___न → न___ल → ल___की →

की___त → त___या → या___ना → ना___क

# 14.आवासीय विद्यालय में

शब्दार्थ

| | | |
|---|---|---|
| दिन - दिवस Day | विद्यालय - पाठशाला School | एकदम - तुरंत At once |
| समय - वक्त Time | भोजन - खाना Food | समाप्त - अंत End |




रतन: आप विद्यालय में नए मालूम पड़ते हैं। आपका नाम क्या है?

कीर्ति: मेरा नाम कीर्ति है। आज ही इस विद्यालय में मेरी भरती हुई है।.... और आपका नाम?

रतन: मेरा नाम रतन है। मैं बारहवीं कक्षा में पढ़ रहा हूँ। अच्छा! विद्यालय में आपका पहला दिन कैसा था?

कीर्ति: बहुत अच्छा था। मैं नवीं कक्षा में हूँ, आवासीय विद्यालय की (Residential School) पढ़ाई मेरे लिए नया अनुभव है। पहली बार घर छोड़कर इतनी दूर आया हूँ। माँ-बाप की याद बहुत आ रही है।

रतन: चिंता मत करो कीर्ति। हम सब तुम्हारे साथ हैं।

कीर्ति: धन्यवाद भैया। मैंने इस विद्यालय के बारे में बहुत कुछ सुना है।

रतन: हाँ, तुम ने सही कहा। यहाँ शिक्षा के अलावा अन्य गतिविधियाँ जैसे तैराकी, खेलकूद, नृत्य, संगीत, कलाकृति आदि का भी अभ्यास दिया जाता है।कक्षाएँ समाप्त होने के बाद शाम को तुम अपनी रुचि के अनुसार कोई भी गतिविधि चुन सकते हो।

कीर्ति: वाह! मैं तैराकी चुन लूँगा। मुझे तैरना बहुत पसंद है, अच्छा व्यायाम भी है।

रतन: ज़रूर, वही लेना। क्या तुम्हें हमारे विद्यालय की समय-सारणी (Time Table) पता है?

कीर्ति: नहीं पता, क्या आप बता सकते हैं?

रतन: क्यों नहीं, सुबह 5:30 बजे उठकर पहले व्यायाम और योग करना, फिर नहा-धोकर नाश्ता करके विद्यालय जाना है। दोपहर 1:00 बजे भोजन का समय है, फिर साढ़े एक बजे से 3 बजे तक कक्षाएँ चालू रहेंगी। फिर 3 से 5 बजे तक अन्य गतिविधियों में भाग ले सकते हो। शाम को 6 से 8 बजे तक पढ़ाई और रात के भोजन के बाद तुम कुछ देर के लिए टेलिविज़न देख सकते हो और 9 बजे हम सब को सो जाना चाहिए।

कीर्ति: अच्छा, मैं अपने माता-पिता से कब बात कर सकता हूँ?

रतन: तुम शनिवार और रविवार को शाम को 6 से 8 बजे के बीच कार्यालय के टेलिफोन से बात कर सकते हो।

कीर्ति: धन्यवाद भैया, आपने इस विद्यालय के बारे में खूब जानकारी दी।

रतन: अच्छा चलो, अब सोने का समय हो गया है।

कीर्ति: अच्छा, शुभरात्रि! कल मिलेंगे।

## अभ्यास

### I जोड़े बनाइए

| | | |
|---|---|---|
| आवासीय | - | पढ़ाई |
| शाम को 3 से 5 बजे तक | - | विद्यालय |
| सुबह साढ़े पाँच बजे | - | नृत्य-संगीत |
| शाम को 6 से 8 बजे तक | - | गतिविधियाँ |
| गतिविधियाँ | - | उठना |

### II वाक्य बनाइए

समय    पसंद    रुचि    दूर    अनुभव

### III रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए

1. मैं बारहवीं _______ में पढ़ रहा हूँ।
2. अब सोने का _______ हो गया है।
3. अपनी _______ के अनुसार कोई गतिविधि चुन सकते हो।

## IV निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए

1. आवासीय विद्यालय में कीर्ति का पहला दिन कैसा था?
2. विद्यालय में कौन-कौन सी गतिविधियाँ सिखाई जाती हैं?
3. कीर्ति को किस गतिविधि में रुचि थी?
4. सुबह उठकर छात्रों को पहले क्या करना है?
5. कीर्ति अपने माता-पिता से कब टेलिफोन में बात कर सकता है?

## गतिविधि

### वर्ग पहेली पूरी कीजिए

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8. ओ | | 1. शि | शि | र | |
| | | | | | | | |
| 2. ग्री | | 3. म | | 10. र | | | |
| 7. श | | | | | 12. | | 11. प |
| र | | | | | 4. व | | |
| 5. द | | | | | | | |
| | | | 9. | | | | |
| 6. | | | ली | | | | |

**बाएँ से दाएँ →**

1. इस ऋतु में कोहरे के कारण कुछ भी दिखाई नहीं देता है।
2. इस ऋतु में दिन लंबे और रातें छोटी होती हैं।
3. शिशिर ऋतु में मनाए जानेवाला कृषि संबंधी त्यौहार
4. ऋतुओं का राजा
5. दस दिन मनाए जाने वाला त्यौहार
6. शरद ऋतु में दीप जलाकर मनाए जानेवाला त्यौहार

**ऊपर से नीचे ↓**

7. इस ऋतु में दिन छोटे और रातें लंबी होती हैं।
8. शरद ऋतु में फूलों की रंगोली बनाकर यह त्यौहार मनाया जाता है।
9. रंगों का त्यौहार
10. वर्षा ऋतु का यह त्यौहार भाई-बहन के प्रेम-बंधन का प्रतीक है।
11. इस ऋतु में पत्ते झड़ते हैं।
12. यह त्योहार नौ दिनों का है।

# 15. पोस्टर व विज्ञापन रचना-II

घड़ी की बिक्री के लिए एक आकर्षक विज्ञापन दीजिए

## स्टार घड़ियाँ

स्टार घड़ियाँ पहनिए, असली स्टार बनिए !

विभिन्न प्रकार की घड़ियाँ





रंग-बिरंगी घड़ियाँ

टिकाऊ व मनमोहक घड़ियाँ

दाम व सुंदरता का अद्भुत मेल

समय के साथ..नहीं नहीं .....स्टार के साथ आगे बढिए !!!

**दाम: रु 100 से लेकर रु 10,000 तक**


**दिसंबर 31, 20xx तक 5 % की कटौती**

पता: स्टार घड़ियाँ, 6 राम गली, नेताजी नगर, सेलम-xx फ़ोन: xxxxxxxxxx

रक्तदान के महत्त्व पर एक पोस्टर बनाइए

## रक्तदान-महादान!!!

रक्तदान करें !




प्राण बचाएँ !

जन सेवा परम मेवा!

देश सेवा में हाथ बढाएँ!

## गतिविधि

ये भी जान लें।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सलाहकार | - | ADVISOR | राजदूत | - | AMBASSADOR |
| परीक्षक | - | EXAMINER | सहायक | - | ASSISTANT |
| प्रकाशक | - | PUBLISHER | सहपाठी | - | CLASSMATE |
| कुलपति | - | VICE-CHANCELLOR | सहकर्मी | - | CO-WORKER |
| न्यायाधीश | - | MAGISTRATE | निरीक्षक | - | INSPECTOR |
| सभापति | - | CHAIRMAN | लेखक | - | AUTHOR |

# 16. पत्र लेखन-II

टेलीफोन सेवा खराब होने पर शिकायत करते हुए टेलीफोन अध्यक्ष को पत्र लिखिए।

दिनांक: 18 अगस्त, 202X

प्रेषक

रामचरण,

6, कबिलर गली,

राम नगर,

चेन्नई -1

सेवा में

टेलीफोन अध्यक्ष,

भारत संचार निगम लिमिटेड / बी एस एन एल

राम नगर शाखा,

चेन्नई-1

विषय: टेलीफोन सेवा खराब होने के संदर्भ में।

माननीय महोदय,

सविनय निवेदन है कि पिछले बीस दिनों से मेरी टेलीफोन सेवा ख़राब है। हमारे घर में बूढ़े और बाल-बच्चों के सेवा-उपचार के लिए टेलीफोन की बड़ी आवश्यकता है। आपसे अनुरोध है कि यथाशीघ्र टेलीफोन सेवा ठीक करवाने की कृपा करें।

सधन्यवाद।

भवदीय,

रामचरण

# 17. व्याकरण

## I लिंग बदलिए

| लिंग बदलिए (TERM I) | लिंग बदलिए (TERM II) |
|---|---|
| 1. कवि - कवयित्री | 11. गुणवान - गुणवती |
| 2. साधु - साध्वी | 12. लेखक - लेखिका |
| 3. अध्यापक - अध्यापिका | 13. पंडित - पंडिताइन |
| 4. आचार्य - आचार्या | 14. युवक - युवती |
| 5. मालिक - मालकिन | 15. श्रीमान - श्रीमती |
| 6. विद्वान - विदुषी | 16. बलवान - बलवती |
| 7. राजा - रानी | 17. देव - देवी |
| 8. शिक्षक - शिक्षिका | 18. धनवान - धनवती |
| 9. गायक - गायिका | 19. बुद्धिमान - बुद्धिमती |
| 10. सेवक - सेविका | 20. दाता - दात्री |

## II वचन बदलिए

| वचन बदलिए (TERM I) | वचन बदलिए (TERM II) |
|---|---|
| 1. पौधा - पौधे | 16. नदी - नदियाँ |
| 2. कमरा - कमरे | 17. झगड़ा - झगड़े |
| 3. टहनी - टहनियाँ | 18. बेटी - बेटियाँ |
| 4. लकड़हारा - लकड़हारे | 19. हीरा - हीरे |
| 5. गमला - गमले | 20. रात - रातें |
| 6. मुद्रा - मुद्राएँ | 21. शंका - शंकाएँ |
| 7. भावना - भावनाएँ | 22. सामान - सामान |
| 8. खुशी - खुशियाँ | 23. नौकरी - नौकरियाँ |
| 9. जूता - जूते | 24. बच्ची - बच्चियाँ |
| 10. कोना - कोने | 25. स्थिति - स्थितियाँ |
| 11. सड़क - सड़कें | 26. अच्छाई - अच्छाइयाँ |
| 12. छात्र - छात्र | 27. बुराई - बुराइयाँ |
| 13. आँख - आँखें | 28. टोपी - टोपियाँ |
| 14. दूरी - दूरियाँ | 29. कहानी - कहानियाँ |
| 15. कपड़ा - कपड़े | 30. कक्षा - कक्षाएँ |

## III विलोम शब्द

| विलोम शब्द (TERM I) | विलोम शब्द (TERM II) |
|---|---|
| 1. अगला x पिछला | 16. सही x गलत |
| 2. सोना x जागना | 17. मीठा x कड़वा |
| 3. आना x जाना | 18. दिन x रात |
| 4. लेना x देना | 19. पास x दूर |
| 5. खरीदना x बेचना | 20. अंदर x बाहर |
| 6. हाल x बेहाल | 21. राह x बेराह |
| 7. मृत्यु x जन्म | 22. नया x पुराना |
| 8. मोटा x पतला | 23. आज x कल |
| 9. क्रोध x शांत | 24. आसान x कठिन |
| 10. जीत x हार | 25. अहंकार x निरहंकार |
| 11. धर्म x अधर्म | 26. लाभ x हानि |
| 12. सच x झूठ | 27. अच्छाई x बुराई |
| 13. उत्तर x दक्षिण/प्रश्न | 28. चढ़ना x उतरना |
| 14. कारण x अकारण | 29. उदय x अस्त |
| 15. रोना x हँसना | 30. धनी x निर्धन |


# विशेषण

परिभाषा: संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता का बोध कराने वाले शब्दों को विशेषण कहते हैं।

**विशेषण के भेद**

**गुणवाचक** | **परिमाणवाचक** | **संख्यावाचक** | **सार्वनामिक**

1. गुणवाचक विशेषण-(संज्ञा या सर्वनाम के रूप-रंग, गुण-दोष, आकार-अवस्था का बोध हो)




हरा तोता उड़ चला।



राम भला आदमी है।



ऊँचा हिमालय भारत के उत्तर में है।



छोटा बालक रो रहा है।

2. परिमाणवाचक विशेषण-(संज्ञा के नाप-तोल का बोध हो)




माँ ने दस ग्राम सोना खरीदा।



राम दो लीटर दूध लाया।



पिताजी ने चार मीटर कपड़ा खरीदा।



चाय में अधिक शक्कर है।

3. संख्यावाचक विशेषण - (संज्ञा की संख्या का बोध हो)



पाँच औरतें बातें कर रही हैं।



सभा में बहुत सारे लोग बैठे थे।



मेरे भाई के पास कुछ खिलौने हैं।

4. सार्वनामिक विशेषण - मैं, हम, तू, तुम, आप, यह, वह, ये & वे जैसे सर्वनाम शब्द संज्ञा के पूर्व जुड़कर विशेषण का काम करते हैं, तो वे सार्वनामिक विशेषण कहलाते हैं ।



वह मकान राम का है।



यह खेत मेरा है।



मेरा भाई डॉक्टर है।



ये लोग अभी-अभी आए हैं।

## अभ्यास

**I उचित विशेषण शब्दों से खाली जगहों की पूर्ति कीजिए।**

(कमज़ोर कम कोई कई मेरी वह ये चार किलो बड़े कुछ
एक भीगी मीठे दो लीटर सुंदर पाँच)

1. ----------- फल लाइए।
2. ------------ तालाब बड़ा है।
3. राधा ------------- गाना गा रही है।
4. कमीज़ के लिए ------------मीटर कपड़ा चाहिए।
5. राम ने ------------ बैंगन खरीदा।
6. --------- लोग दूसरों की बात नहीं मानते।
7. राघवी के पास ------------ घड़ियाँ हैं।
8. ----------- दादीजी -------- खाना खाती हैं।
9. --------- आदमी दरवाज़ा खटखटाता है।
10. ---------- फल अभी-अभी नीचे गिरे।
11. मंडप में ------------- लोग इकट्ठे हो गए।
12. सीता गाँव से ---------- तेल लाई।
13. ---------- भाई घर आए।
14. ---------- बिल्ली भाग निकली।
15. ----------- बालक नीचे गिर पड़ा।

**II विशेषण शब्द पहचानकर उस पर गोला लगाइए।**

1. श्याम ईमानदार बालक है।
2. तीसरे बालक को बुलाइए।
3. होनहार बच्चे आगे बढ़ते हैं।
4. उसके पास अधिक रुपये हैं।
5. भले आदमी दूसरों की मदद करते हैं।
6. परीक्षा में प्रथम आना साधारण बात नहीं।
7. परिश्रमी लोग जीवन में सफल रहते हैं।
8. बहन ने रेशमी साड़ी खरीदी।

9. अब कुछ दुकानें बंद हैं।

10. थोड़ा खाना दीजिए।

11. शक्तिशाली व्यक्ति को विनम्रता शोभा देती है।

12. यह बालक क्यों रो रहा है?

13. किसी बच्चे को यह पुस्तक दे दो।

14. हमारे देश में पवित्र नदियाँ बहती हैं।

15. यह कलम रमा की है।

# आंतरिक मूल्यांकन (INTERNAL ASSESSMENT)

**निर्देश**

- **दो / दो से पाँच तक के बच्चों का समूह निम्न दिए हुए निर्देशों में से किसी एक के आधार पर 5 मिनट का वीडियो बना सकता है।**

(a) **आंतरिक मूल्यांकन** के अंतर्गत दिए हुए शीर्षक के आधार पर

(b) पिछली कक्षाओं में पढ़े पाठों के आधार पर

(c) प्रस्तुत पाठ्यक्रम में वार्तालाप रूपी पाठ के अंत में दिए हुए **'संवाद लेखन'** के आधार पर वीडियो बनाया जा सकता है।

- यदि बच्चों का समूह 5 हो, तो हर छात्र के लिए 1 मिनट का समय दिया जा सकता है।
- छात्र बिना गलतियों के, सरल रूप से बातचीत करने की कोशिश करें।
- छात्र वीडियो में किसी प्रादेशिक भाषा या अपनी मातृभाषा में सब टाइटल (SUBTITLE) दे सकते हैं।
- वीडियो बनाने के बाद छात्र मूल्यांकन हेतु अपने अध्यापक को भेज दें।
- **मूल्यांकन बिंदु** उच्चारण विषय प्रस्तुतीकरण समय

Guidelines for Internal Assessment:

- A group of 2 to 5 students can collaboratively make a video for the duration of 5 minutes on any one of the following:

(a) Topics given under INTERNAL ASSESSMENT

(b) Any topic learnt from their previous classes

(c) Topics given under 'संवाद लेखन' (SAMVAD LEKHAN) at the end of the Dialogue-Based Lessons in the text.

- If the group is of 5 members, then the time duration will be 1 minute per student.
- Students should ensure that they deliver their dialogues flawlessly and effortlessly.

- During the dialogue delivery, **SUBTITLES** may be given in any regional language including mother tongue.
- The video should be sent to the subject teacher within the stipulated time frame for assessment.
- **PARAMETERS:** Diction Content Presentation Duration

## आंतरिक मूल्यांकन (INTERNAL ASSESSMENT)

Term I

- विमान यात्रा करते समय आपकी मुलाक़ात एक प्रसिद्ध क्रिकेट खिलाड़ी के साथ होती है। आप दोनों के बीच का संवाद प्रस्तुत कीजिए।
- During your flight journey, you meet with your favorite cricket player. Present the conversation between you both.

Term II

- स्कूल में चलाए जाने वाले स्वच्छता अभियान पर शिक्षक और छात्रों के बीच का संवाद प्रस्तुत कीजिए।
- Present a conversation between a teacher and a group of students regarding the Cleanliness Drive to be organised at the school campus.

# SAMPLE PAPER 1

PORTIONS: 1.मनसा वाचा कर्मणा 2.कपड़े की दुकान में 3.क्रोध मत कर 4.वाणी का महत्त्व 5. अनुवाद-I 6.मुहावरे-I 7.गिनती (1-30) 8.विज्ञापन&पोस्टर लेखन -I 9.पत्र लेखन-I 10.RECAP-I 11.व्याकरण(Term I) 12.संभाषण (Term I)

NOTE: 'शब्दार्थ' from the above-mentioned lessons (ENGLISH MEANINGS ONLY), all the exercises given at the end of the lessons & objective questions from 'गतिविधि' (Activities) will be tested for Written Examination.

CLASS : VII HINDI LANGUAGE III TIME: 1½ HRS

DATE: MAX MARKS: 50

**1. अंग्रेज़ी अंकों में लिखिए (कोई 2)** **2x1=2**

सात पंद्रह बाईस

**2. अंग्रेज़ी में अर्थ लिखिए (कोई 2)** **2x1=2**

दर्पण कीमत संसार

**3. वाक्य बनाइए (कोई 4)** **4x1=4**

भाव स्वागत क्रोध वचन मन

**4. सही मिलान कीजिए** **5x1=5**

a.कैंची - बुद्धिमान और अनुभवी

b.दावत देना - MIRROR

c.दुबला-पतला - SCISSORS

d.प्रधान मंत्री - लकड़हारा

e.आइना - निमंत्रण देना

**5. लिंग बदलिए** **2x1=2**

राजा गायक

**6. वचन बदलिए** **2x1=2**

कमरा मुद्रा

**7. विलोम शब्द लिखिए** **2x1=2**

आना मोटा

**8. उचित विशेषण  शब्दों से खाली जगहों की पूर्ति कीजिए।** **2x1=2**

**[ कमज़ोर, दो लीटर, भीगी, चार किलो ]**

अ. राम ने _________ बैंगन खरीदा।

आ. _________ बालक नीचे गिर पड़ा।

**9. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए (कोई 4)** **4x1=4**

a. राजा अपना _____________ बदलकर महल से बाहर आए।

b. हमारा मन हमारे भावों का _____________ है।

c. संसार में _____________ के अनेक कारण हैं।

d. मुझे जूतों की एक _____________ चाहिए।

e. मुझे सादे _____________ रंग पसंद है।

**10. सही विकल्प चुनकर लिखिए (कोई 4)** **4x1=4**

a. लोग पांडवों की प्रशंसा क्यों करते थे?

क्योंकि उन्हें युद्ध में जीत मिली थी। क्योंकि वे राजकुमार थे।

क्योंकि वे धर्म का पालन करते थे।

b. 'आपे से बाहर होना' मुहावरे का सही अर्थ छाँटकर लिखिए।

खुश हो जाना दुखी होना क्रोधित होना

c. बहुत दिनों बाद पुत्र को देखकर माँ की -------------।

आँखें नीची हो गईं आँखें भर आईं आँखें बड़ी हो गईं

d. गुरु द्रोणाचार्य से सिखाए गए पाठ का संदेश क्या था?

हमेशा सच बोलना है। गुस्सा नहीं करना है।

दूसरों पर दया दिखानी है।

e. गुरु जी के पाठ को जीवन में उतारनेवाला कौन था?

युधिष्ठिर दुःशासन दुर्योधन

**11. पत्र लेखन (कोई 1)** **1x4=4**

a. अपने क्षेत्र में बिजली संकट से उत्पन्न कठिनाइयों का वर्णन करते हुए विद्युत अधिकारी को पत्र लिखिए।

b. अपने क्षेत्र में पानी की कमी से उत्पन्न कठिनाइयों का वर्णन करते हुए नगर- पालिका अधिकारी को पत्र लिखिए।

**12. विज्ञापन या पोस्टर लेखन ( कोई 1)** **1x4=4**

a. नहाने के साबुन के लिए एक आकर्षक विज्ञापन दीजिए।

b. 'स्वच्छ भारत' पर एक आकर्षक पोस्टर बनाइए।

**13. हिंदी में अनुवाद कीजिए (कोई 4)** **4x1=4**

a. Don't sleep in the classroom.

b. I can write neatly.

c. He should drink milk.

d. Boys can go now.

e. Did you sleep well?

**14. अंग्रेज़ी में अनुवाद कीजिए (कोई 4)** **4x1=4**

**a. बूढ़ी औरत धीरे (धीरे-धीरे) चल रही हैं।**

b. उसे (उनको) दूध पीना है।

c. राम रवि से लंबा है।

d. मुझे एक अच्छी कलम चाहिए।

e. आप कितने बजे रवाना हुए?

**15.निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए (कोई 5)** **5x1=5**

**a. राजा सत्यानंद कैसे स्वभाव के थे?**

b. महाजन का झगड़ा किसके साथ हो गया था?

c. ग्राहक क्या-क्या खरीदना चाहते थे?

d. लकड़हारे ने राजा को कब आशीर्वाद दिया?

e. पेड़ों के कोई दो भाग लिखिए।

f. ग्राहक किस प्रकार के जूते पसंद करते हैं?

# SAMPLE PAPER 2

| | | | |
|---|---|---|---|
| PORTIONS: | 1.घरेलू उपकरण की दुकान में | 2.विद्या ग्रहण | 3.आवासीय विद्यालय में |
| 4.अनुवाद-II | 5.मुहावरे-II | 6.गिनती (31-60) | 7.विज्ञापन & पोस्टर लेखन -II |
| 9.पत्र लेखन-II | 9.RECAP-II | 10.व्याकरण (Term- 2) | 11.संभाषण (Term- 2) |

NOTE: 'शब्दार्थ' from the above-mentioned lessons (ENGLISH MEANINGS ONLY), all the exercises given at the end of the lessons & objective questions from 'गतिविधि' (Activities) will be tested for Written Examination.

CLASS : VII HINDI LANGUAGE III TIME: 1½ HRS

DATE: MAX MARKS: 50

**1. अंग्रेज़ी अंकों में लिखिए (कोई 2)** **2x1=2**

बत्तीस चालीस पचपन

**2. अंग्रेज़ी में अर्थ लिखिए (कोई 2)** **2x1=2**

उपकरण भोजन रात्रि

**3. वाक्य बनाइए (कोई 4)** **4x1=4**

सामान सुंदर साथी पसंद खरीद

**4.सही मिलान कीजिए** **5x1=5**

a.चार चाँद लगाना - MAGISTRATE

b.आवासीय - CLASSMATE

c.सहपाठी - नृत्य-संगीत

d.गतिविधियाँ - विद्यालय

e.न्यायाधीश - शोभा बढ़ाना

**5. लिंग बदलिए** **2x1=2**

श्रीमान युवक

**6. वचन बदलिए** **2x1=2**

नदी रात

**7. विलोम शब्द लिखिए** **2x1=2**

चढ़ना आसान

**8. विशेषण शब्द पहचानकर उस पर गोला लगाइए** **2x1=2**

a. बहन ने रेशमी साड़ी खरीदी।

b. थोड़ा खाना दीजिए।

**9. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए (कोई 4)** **4x1=4**

a. दीदी को ________ रंग ही पसंद है।

b. पिताजी को __________ से पीसी चटनी ही पसंद है।

c. _________बदल गया माँ!

d. मैं बारहवीं _______ में पढ़ रहा हूँ।

e. अब सोने का _______ हो गया है।

**10.सही विकल्प चुनकर लिखिए (कोई 4)** **4x1=4**

**a. रावण कैसे गिर पड़ा?**

राम के बाण से     राम की तलवार से     राम के धकेल देने से

b. कौन सच्चा गुरु है?

जो बिना भेदभाव के सिखाता हो     जो अच्छी तरह समझाता हो

जो भेदभाव देखता हो

c. प्रस्तुत गद्यांश में 'हार जाना' अर्थ के लिए किस मुहावरे का प्रयोग किया गया है?

घुटने टेकना     मात खाना     ईंट से ईंट बजाना

d. लक्ष्मण पहले कहाँ खड़ा था?

रावण के सर के पास     रावण के चरणों के पास     विभीषण के साथ

e. रावण ने लक्ष्मण को क्या सिखाया?

संगीत     राजनीति     शस्त्र

**11.पत्र लेखन (कोई 1)** **1x4=4**

a. टेलीफोन सेवा खराब होने पर शिकायत करते हुए टेलीफोन अध्यक्ष को पत्र लिखिए।

b. ब्रॉडबैंड नेटवर्क सेवा के खराब होने पर शिकायत करते हुए ब्रॉडबैंड नेटवर्क के अधिकारी को पत्र लिखिए।

**12.विज्ञापन या पोस्टर लेखन ( कोई 1)** **1x4=4**

a. घड़ी की बिक्री के लिए एक आकर्षक विज्ञापन दीजिए

b. रक्तदान के महत्त्व पर एक पोस्टर बनाइए

**13. हिंदी में अनुवाद कीजिए (कोई 4)** **4x1=4**

a. You should exercise daily.

d. You should not stay over there.

c. I can prepare chapatis.

d. We should go to school today.

e. Shall we go by rickshaw?

**14.अंग्रेज़ी में अनुवाद कीजिए (कोई 4)** **4x1=4**

a. मुझे स्टेशन जल्दी पहुँचना है।

b. क्या मैं थोड़ी देर बाहर जा सकता हूँ?

c. मोहन पेड़ पर चढ़ सकता है।

d. आपने क्या खरीदा?

e. नहीं, माँ हमारा इंतज़ार कर रही है।

**15.निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए (कोई 5)** **5x1=5**

a. राधा के लिए क्या-क्या चीज़ें खरीदी गईं?

b. कीर्ति को किस गतिविधि में रुचि थी?

c. अंगीठी के बारे में दादीजी ने क्या कहा?

d. किन्हीं दो धातुओं के नाम लिखिए।

e. कीर्ति अपने माता-पिता से कब टेलिफोन में बात कर सकता है?

f. सुबह उठकर छात्रों को पहले क्या करना है?

# SAMPLE PAPER 3

| | | |
|---|---|---|
| PORTIONS: | 1.मनसा वाचा कर्मणा | 2.कपड़े की दुकान में |
| | 3.क्रोध मत कर | 4.वाणी का महत्त्व |
| | 5.घरेलू उपकरण की दुकान में | 6.विद्या ग्रहण |
| | 7. आवासीय विद्यालय में | 8.अनुवाद-I & II |
| | 9.मुहावरे-I & II | 10.गिनती (1-60) |
| | 11.विज्ञापन&पोस्टर लेखन-I & II | 12. पत्र लेखन-I & II |
| | 13.RECAP-I & II | 14.व्याकरण (Term-I & II) |
| | 15.संभाषण (Term-I & II) | |

NOTE: 'शब्दार्थ' from the above-mentioned lessons (ENGLISH MEANINGS ONLY), all the exercises given at the end of the lessons & objective questions from 'गतिविधि' (Activities) will be tested for Written Examination.

CLASS : VII HINDI LANGUAGE III TIME: 1½ HRS

DATE: MAX MARKS: 50

**1. अंग्रेज़ी अंकों में लिखिए (कोई 2)** **2x1=2**

ग्यारह पैंतालीस सत्तावन

**2. अंग्रेज़ी में अर्थ लिखिए (कोई 2)** **2x1=2**

दया वार संयम

**3. वाक्य बनाइए (कोई 4)** **4x1=4**

कुटिया पसंद अनुभव समस्या तलाश

**4.सही मिलान कीजिए** **5x1=5**

a. बीस मन - VICE-CHANCELLOR

b. कुलपति - दूरियाँ पैदा करना

c. सभापति - अभिमान करना

d. दीवारें खड़ी करना - चंदन की लकड़ियाँ

e. आसमान पर चढ़ना - CHAIRMAN

5. **लिंग बदलिए** **2x1=2**

लेखक सेवक

6. **वचन बदलिए** **2x1=2**

कोना कहानी

7. **विलोम शब्द लिखिए** **2x1=2**

जीत आसान

8. **उचित विशेषण शब्दों से खाली जागों की पूर्ति कीजिए** **2x1=2**

( दो किलो , तीन लीटर, यह, कमज़ोर )

________ तालाब बड़ा है।

सीता गाँव से ________ तेल लाई।

9. **रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए (कोई 4)** **4x1=4**

a. राजा सत्यानंद के राज्य में ________________ निश्चिंत और सुखी थी।

b. चंद्रकला सबसे ________________ करती थी।

c. यहाँ ____________ स्थिर हैं।

d. हमारे मन में दूसरों के प्रति सदा अच्छी ________________ ही रखनी चाहिए।

e. हमारा मन हमारे भावों का ________________ है।

10. **सही विकल्प चुनकर लिखिए (कोई 4)** **4x1=4**

a.बहुत दिनों बाद पुत्र को देखकर माँ की -------------।

आँखें नीची हो गईं आँखें भर आईं आँखें बड़ी हो गईं

b.कौन सच्चा गुरु है?

जो बिना भेदभाव के सिखाता हो जो अच्छी तरह समझाता हो जो भेदभाव देखता हो

c.युद्ध भूमि में राम के साथ उनका छोटा भाई कौन खड़ा था?

भरत शत्रुघ्न लक्ष्मण

d.गुरु द्रोणाचार्य से सिखाए गए पाठ का संदेश क्या था?

हमेशा सच बोलना है। गुस्सा नहीं करना है।

दूसरों पर दया दिखानी है।

e.गुरु द्रोणाचार्य ने युधिष्ठिर को क्यों डाँटा?

कक्षा में सोने के कारण कौरवों को चिढ़ाने के कारण

समझाए गए पाठ को याद न करने के कारण

**11.पत्र लेखन (कोई 1)** **1x4=4**

a. अपने क्षेत्र में बिजली संकट से उत्पन्न कठिनाइयों का वर्णन करते हुए विद्युत अधिकारी को पत्र लिखिए।

b. टेलीफोन सेवा खराब होने पर शिकायत करते हुए टेलीफोन अध्यक्ष को पत्र लिखिए।

**12.विज्ञापन या पोस्टर लेखन ( कोई 1)** **1x4=4**

a. नहाने के साबुन के लिए एक आकर्षक विज्ञापन दीजिए।

b. रक्तदान के महत्त्व पर एक पोस्टर बनाइए।

**13. हिंदी में अनुवाद कीजिए (कोई 4)** **4x1=4**

a. We should complete this work.

b. Mohan can climb up a tree

c. I want a good pen.

d. I should leave early.

e. How was the journey?

**14.अंग्रेज़ी में अनुवाद कीजिए (कोई 4)** **4x1=4**

a. मैं यह काम कर सकता हूँ।

b. मुझे जल्दी निकलना है।

c. क्या आप यह कविता समझते हैं?

d. खाना कैसा था ?

e. चलें, हम आटो बुला लेते हैं।

**15.निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए (कोई 5)** **5x1=5**

a. ग्राहक क्या-क्या खरीदना चाहते थे?

b. चंद्रकला से मिलने कौन आया था?

c. कीर्ति अपने माता पिता से कब टेलिफोन से बात कर सकता है?

d. हर्षद का परिवार कहाँ निकला और क्यों?

e. किन्हीं चार आभूषणों के नाम लिखिए।

f. लकड़हारे ने राजा को कब आशीर्वाद दिया?